कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 14.01.2025

विषयः- एटीएम मशीन से छेड़छाड़ कर चोरी का प्रयास करने के मामले में अभियुक्त इस्माइल थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सहायता से मु0अ0सं0- 11/2025 धारा 303(2),334(1),62 बी0एन0एस0 का सफल अनावरण करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त इस्माइल पुत्र अब्बास अली निवासी- केड़वा बेलहरी थाना खानपुर जिला गाजीपुर को आज दिनांक- 14.01.2025 को समय करीब 03.55 बजे वरुणा कोरिडोर पुल के नीचे से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक एल्यूमिनियम की प्लेट तथा एक अदद पेचकस बरामद हुआ। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक 12.01.2025 को प्रभारी चौकी पाण्डेयपुर उ.नि. श्रीराम उपाध्याय द्वारा चादर ओढ़े संदिग्ध द्वारा ए0टी0एम मशीन में छेड़छाड़ करते हुए चोरी करने का प्रयास करने के सम्बन्ध में लिखित प्रा.पत्र दिया गया जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ.नि. करुणाशील द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ-

पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने बताया कि हुकुलगंज एसबीआई एटीएम मशीन में मैं छुपकर एल्यूमिनियम की प्लेट को लाक बनाकर फंसाने का प्रयास कर रहा था ताकि कोई व्यक्ति ए.टी.एम. मशीन से पैसा निकालेगा तो उसका पैसा नहीं निकल पाएगा और वह चला जायेगा फिर मै उस पैसे को एल्यूनियम की प्लेट हटाकर निकाल लूंगा लेकिन इसी बीच पुलिस की गाड़ियां सायरन बजाते गुजर रही थी जिससे मै वहां से भाग गया था। आज रात मै पुनः दूसरे ए.टी.एम. मशीन में छेड़छाड़ करने वाला था लेकिन मुझे आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। पेचकस के बारे मे बताया कि मै पेचकस को ए.टी.एम. मशीन के साथ छेड़छाड़ कर पैसे निकालने के लिये प्रयोग करता हूं।

बरामदगी का विवरण-

एक एल्यूमिनियम की प्लेट तथा एक अदद पेचकस।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

इस्माइल पुत्र अब्बास अली निवासी- केड़वा बेलहरी थाना खानपुर जिला गाजीपुर उम्र करीब 28 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

वरुणा कोरिडोर पुल के नीचे, दिनांक 14.01.2025 समय 03.55 बजे।

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0- 11/2025 धारा 303(2),334(1),62बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष उ.नि. विवेक कुमार पाठक थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 प्रशि0 करुणाशील थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 सिद्धार्थ कुमार राय थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अजय कुमार यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 नीरज कुमार पाण्डेय थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।